All district headquarters are having STD facilities. Out of 99 Sub-divisionai headquarters 83 are having STD facility. Remaining 16 Sub Divisional Headquarters are planned to be covered during current financial year subject to availability of equipment, (Details in Statement) (See *below)*

(e) Progressively during the 8th plan period subject to the availability of resources.

Statement

1. Bagha
2. Bikramganj
3. Dalsinghasarai
4. Hilsa
5. Japla
6. Naugachia
7. Piro
8. Phulparas
9. Rajauli
10. Rajmahal
11. Simdega
12. Saraikela
13. Udakishanganj
14. Tenughat
15. Haveli Kharagpur
16. Sikrahna

कानपुर के लिए वायु सेवा का बन्द किया जाना

*553. **चौधरी हर मोहन सिंह :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कानपुर की वायु सेवा को बंद कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो उसे कब बंद किया गया और उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि कानपुर हवाई मार्ग का घाटा उन दूसरे मार्गों से कम था जिन पर वायु सेवायें बंद की गई हैं ; और

(घ) बंद की गई वायु सेवाओं का ब्यौरा क्या है, तथा प्रत्येक वायु सेवा पर कितना घाटा हुआ है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) और (ख) विमान क्षमता संबंधी अवरोधों और अपर्याप्त लोड फैक्टर के कारण कानपुर के लिए इंडियन एयरलाइन्स की सेवा को 20-5-1992 से बंद कर दिया गया था ।

(ग) और (घ) पिछले एक वर्ष के दौरान, दिल्ली-कानपुर-गोरखपुर-दिल्ली और दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद- दिल्ली को छोडकर इंडियन एयरलाइन्स की और किसी सेवा को बंद नहीं किया गया है ।

वायुदूत के वायु मार्ग

*554. **श्रीमती सत्या बहिन :** क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में वायुदूत द्वारा किन-किन वायुयानों पर कितने-कितने विमान चलाए जा रहे हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइन्स के किरायों की तुलना में वायुदूत में किराए अधिक हैं; यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि वायुदूत को अपने विमानों के रख-रखाव पर अपेक्षाकृत अधिक खर्च करना पड़ रहा है ; और

(घ) इस समय वायुदूत द्वारा चलाए जा रहे विमान कितने पुराने हो चुके हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) वायुदूत द्वारा परिचालित हवाई मार्गों की एक

सूची विवरण-I के रूप में संलग्न है । वायुदूत के विमान बेड़े में 8 एच एस-748 विमान, 8 डोर्नियर-228 और एक एफ-27 विमान हैं ।

(ख) और (ग) जी, हां । वायुदूत के विमान बेड़े में मौजूदा विमानों में भारी रख-रखाव की आवश्यकता है । कुछ सैक्टरों में किराए तुलनात्मक दृष्टि से ऊंचे हैं जोकि 15% से 60% तक की सीमा में हैं ।

(घ) वायुदूत के विमान बेड़े में उपलब्ध विमान और उसके कार्यकाल की अवधि दर्शाने वाली एक सूची विवरण 2 के रूप में दी गई है ।

विवरण–I

10–8–1992 की स्थिति के अनुसार परिचालित मार्ग

पश्चिमी क्षेत्र

1. बम्बई-पुणे-बम्बई
2. बम्बई-पोरबंदर-केशोद-बम्बई
3. बम्बई-कांडला-राजकोट-बम्बई
4. बम्बई-बडौदा-बम्बई
5. बम्बई-कोल्हापुर-बेलगांव-बम्बई
6. बम्बई-पुणे-इन्दौर-और वापसी
7. बम्बई-सूरत-भावनगर-और वापसी ।
8. बम्बई-पुणे-नांदेड और वापसी
9. बम्बई-जामनगर-बम्बई

उत्तरी क्षेत्र

1. दिल्ली-लुधियाना-चंडीगढ़-दिल्ली
2. दिल्ली-चंडीगढ़-कुल्लु- और वापसी
3. दिल्ली-देहरादून-दिल्ली
4. दिल्ली-शिमला-कुल्लु- और वापसी
5. दिल्ली-चंडीगढ़-धर्मशाला-दिल्ली
6. दिल्ली-लखनऊ-दिल्ली
7. दिल्ली-जम्मू-दिल्ली

पूर्वी क्षेत्र

1. कलकत्ता-जमशेदपुर-कलकत्ता
2. कलकत्ता-बागडोगरा-कूच बिहार
3. कलकत्ता-अगरतला-कलकत्ता
4. कलकत्ता-शिलांग-कलकत्ता
5. कलकत्ता-ऐजवल-कलकत्ता
6. कलकत्ता-ऐजवल-सिल्चर-गुवाहाटी

दक्षिणी क्षेत्र

1. मद्रास-कोयम्बतूर-मद्रास
2. मद्रास-तूतीकोरिन-कोचीन-अगत्ती और वापसी
3. मद्रास-तिरुपति-हैदराबाद
4. मद्रास-पांडेचेरी-मद्रास
5. हैदराबाद-विजयवाडा-राजामुन्दरी-हैदराबाद
6. हैदराबाद-तिरुपति-हैदराबाद
7. हैदराबाद-पुणे-हैदराबाद ।

विवरण–2

विमान बेड़े के ब्यौरे

क्रम संख्या	विमान का प्रकार	पंजीकरण संख्या	पंजीकरण की तारीख
01	डो ओ–228	वी टी ईआईओ	16–12–19 84
02	डी ओ–228	वी टी –ईआईपी	16–12–1984
03	डी ओ–228	वी टी–ई आईएम	22–2–1985
04	डी ओ–228	वी टी–ई जे ओ	1–12–1985
05	डी ओ–228	वी टी–ई जे एन	9–4–1986
06	डो ओ–228	वी टी–ई जे डब्ल्यू	20–6–1986
07	डो ओ -228	वी टी–ई जे यू	23–7–1986
08	डी ओ–228	वी टी–ई जे वी	29–5–1986
09	एच सि–748	वी टी–डी एक्स के	29–5–1968
10	एच एस–748	वी टी–डी एक्स एन	29–7–1968
11	एच एस–748	वी टी–डी एक्स एम	3–12–1969
12	एच एस–748	वी टी–डी एक्स एल	27–6–1969
13	एच एस–748	वी टी–डी एक्स आर	27–6–1969
14	एच एस–748	वी टी–डी एक्स पी	23–4–1969
15	एच एस–748	वी टी–डी एक्स क्यू	12–2–1970
16	एच एस–748	वी टी–डी एक्स ओ	2–4–1969
17	एफ–27	वीटी–डी डब्ल्यू यू	11–9–1967

देश के सभी अड्डों हवाई पर वायुदूत सेवा

*555. **श्री जे. पी. जवलि** : क्या नागर विमान और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वायुदूत सेवा के बेड़े में सीमित और पुराने विमान होने के कारण यह सेवा वाणिज्यिक दृष्टि से अलाभकर हो गई है और उसे चलाना अव्यवहार्य हो गया है ;

(ख) क्या इसी कारण से अचानक उसकी निर्धारित उड़ानें बंद हो गई हैं और कतिपय हवाई अड्डों से वायुदूत सेवायें हटा ही गई हैं ; और

(ग) वायुदूत बेड़े में विमानों की संख्या बढाने हेतु क्या कदम उठाए जा रहे हैं तथा देश के सभी हवाई अड्डों पर वायुदूत सेवा का विस्तार किए जाने के संबंध में सरकार किन योजनाओं पर विचार कर रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री श्री माधवराव सिंधिया) (क) वायुदूत के पास मौजदा विमान पुराने और गैर-किफायती हैं तथा उनमें भारी रख-रखाव की जरूरत है ।

(ख) जी, हां ।

(ग) वित्तीय कठिनाइयों के कारण, वायुदूत के विमान बेड़े में वृद्धि करने की कोई तात्कालिक योजनायें नहीं हैं ।